(क) 1. पूर्वी गंगा राजवंश के राजा नरसिंह देव प्रथम द्वारा तेरहवीं शताब्दी में सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया गया था। यह एक बहुत प्रसिद्ध मन्दिर है जो भुवनेश्वर (उड़ीसा) से 65 किमी दूर कोणार्क में स्थित है। 2. दिल्ली के सुल्तान, कला और वास्तु कलाओं के महान प्रश्रयदाता थे। उन्होंने बहुत-सी उत्कृष्ट इमारतों, मस्जिदों, स्मारकों और मकबरों इत्यादि का निर्माण करवाया। 3. कुतुबमीनार दिल्ली के समीप महरौली में स्थित है। यह विश्व की सबसे विलक्षण मीनारों में से एक है। यह 73 मीटर ऊँची है जिसके आधार का नाप 14.6 मीटर है और इसके शीर्ष का नाप 2.5 मीटर है। 4. शाहजहाँ को उसके वास्तु-कला के प्रति अपने अतुलनीय प्रेम और आदर रखने के कारण एक अभियन्ता सम्राट अथवा वास्तुकारों का राजकुमार कहा जाता है। 5. ताजमहल दुनिया की सर्वोत्कृष्ट इमारतों में से एक है जो यमुना नदी के तट पर स्थित है। इसको दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक गिना जाता है। इसका निर्माण शाहजहाँ द्वारा अपनी प्रिय पत्नी मुमताज महल की स्मृति में किया गया था।

(ख) 1. मध्ययुग के काल में, वास्तु-कला एक समृद्धिशील क्रियाकलाप था। लगभग सभी शासकों ने मध्ययुग के काल में पवित्र और साथ ही सहिष्णुतावादी स्मारकों का निर्माण करवाया। 2. वास्तु-कला के स्मारकों को दो प्रकार के समूहों में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है–(i) पवित्र स्मारक; जैसे मन्दिर, मस्जिद, पूजास्थल इत्यादि जो कि धर्म से सम्बन्धित हैं। (ii) सहिष्णुतावादी स्मारक; जैसे–किले, महल, मकबरे, दरगाह, मीनारें इत्यादि। 3. उड़ीसा के मन्दिरों ने अपने वास्तु-शिल्प में नगर शैली को अपनाया। इस शैली के कुछ प्रसिद्ध मन्दिर हैं मुक्तेश्वर मन्दिर एवं भुवनेश्वर का लिंगराज मन्दिर आदि। 4. तेजपाल मन्दिर माउण्ट आबू के सबसे सुन्दर और भव्य मन्दिरों में से एक हैं। यह दो भाईयों तेजपाल और वासुपाल द्वारा 1230 ईस्वी में बनवाया गया था। वे गुजरात के शासक के यहाँ मन्त्री थे। 5. कुतुबमीनार, अलाई दरवाजा, ग्यास-उद्-दीन तुगलक का मकबरा, फिरोजशाह कोटला।

(ग) 1. क्योंकि वास्तुकला एक समृद्धिशील क्रियाकलाप था। 2. पवित्र स्मारक, सहिष्णुतावादी स्मारक 3. माउण्ट आबू में। 4. कोणार्क का सूर्य मन्दिर, जगन्नाथपुरी का मन्दिर 5. शाहजहाँ।

(घ) 1. भुवनेश्वर 2. मुक्तेश्वर 3. सिरी 4. 13वीं 5. नादिर शाह

(ङ) 1. गलत 2. सही 3. गलत 4. सही 5. सही

(च) 1. (ग) 2. (क) 3. (घ) 4. (घ) 5. (घ)

6. नगर, व्यवसायी और शिल्पकार

(क) 1. शिल्पकलाओं के बढ़ते हुए विकास के फलस्वरूप व्यापार और वाणिज्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई जिसके परिणामस्वरूप बहुत से नए नगरों का उदय हुआ और वे शिल्पकला, व्यापार और वाणिज्य के केन्द्र बन गए। 2. हड़प्पा और मोहनजोदड़ो सिन्धु घाटी सभ्यता में राजधानी वाले नगर थे। बुद्ध काल में महाजनपदों के अपने स्वयं के न्यायिक नगर हुआ करते थे। वत्स राज्य की राजधानी कौशाम्बी थी, अवन्ती राज्य की उज्जैयनी थी। 3. मध्ययुगीन काल में व्यापारिक गतिविधियाँ जमीनी रास्तों से ही हुआ करती थीं, लेकिन समुद्री मार्ग भी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। विशेषरूप में विदेशों से व्यापार करने के क्षेत्र में समुद्री मार्ग महत्त्वपूर्ण थे। 4. हम्पी का प्राचीन सम्बन्ध रामायण युग के किष्किन्धा नगर से है। मध्य युग में यह विजयनगर राज्य की राजधानी बनाई गई और राजा कृष्णदेव राय ने हम्पी शहर की स्थापना की। 5. मछलीपट्नम आन्ध्र प्रदेश में पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह नगर था। अरब व्यापारियों ने इसे चौदहवीं शताब्दी में स्थापित किया था।

(ख) 1. हड़प्पा और मोहनजोदड़ो सिन्धु घाटी सभ्यता में राजधानी वाले नगर थे। 2. समुद्री मार्ग एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। विशेष रूप में, विदेशों से व्यापार करने के क्षेत्र में समुद्री मार्ग महत्त्वपूर्ण थे। प्रमुख समुद्री बन्दरगाह वाले शहर थे–केम्बे, सोपारा, भरूच, सूरत, कोचिन, गोवा, कोवलम आदि। 3. हरिहर और बुक्का नामक दो भाईयों ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की थी। 4. आन्ध्र प्रदेश में पूर्वी तट पर। 5. अंग्रेजों ने।

(ग) 1. ग्रामों और नगरों का शहर बनाने के लिए शनैः शनैः होने वाला विकास। 2. व्यवसायियों, शिल्पकारों इत्यादि का मण्डल अथवा संघ। 3. एक व्यवसायी। 4. हम्पी 5. मछलीपट्नम में।

(घ) 1. मछलीपट्नम 2. विजयनगर 3. मछलीपट्नम 4. मलमल 5. कमालपुरा।

(ङ) 1. एक नगर, शहर इत्यादि के अवशेष 2. विजयनगर 3. सिन्धु घाटी सभ्यता 4. तीर्थाटन का केन्द्र 5. नीदरलैण्ड।

(च) 1. (ग) 2. (घ) 3. (घ) 4. (क) 5. (ख)।

7. सामाजिक परिवर्तन-घुमन्तु एवं स्थाई समाज

(क) 1. एक जनजाति ऐसे लोगों का समूह है जिनके कुछ समान विशेषतारूपी चरित्रगत गुण होते हैं। ये पिछड़े, निर्धन व अशिक्षित होते हैं। 2. भारत में लगभग 500 आदिवासी जनजातियाँ हैं। ये आदिवासी जनजातियाँ कुल मिलाकर भारत की कुल जनसंख्या के आठ प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करती हैं। 3. आदिवासी जनजातियों का अशिक्षित होना, निर्धन होना और पिछड़ा होना आदि सबसे बड़ी समस्या है। भारत सरकार ने इनके उत्थान के लिए संविधान में प्रावधान, संसद व राज्य विधानसभाओं में आरक्षण, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए योजनाएँ, नौकरियों आदि में आरक्षण इत्यादि उपाय किए हैं। 4. जाति व्यवस्था कार्य व्यवसाय

के आधार पर समाज का श्रेणीकरण करना था। व्यक्ति द्वारा अपनाया गया व्यवसाय ही जाति का आधार हुआ करता था। 5. अहोम जनजाति मूलत: चीन से सम्बन्ध रखती है। वे पहले उत्तरी बर्मा में आकर बसे, उसके पश्चात् असम में बस गए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ संघर्ष किया और अपनी शक्ति को स्थापित किया।

(ख) 1. मिजोरम, लक्षद्वीप, नागालैण्ड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश 2. संविधान में आदिवासी लोगों के विकास करने के लिए प्रावधान, संसद और राज्यों की विधानसभाओं में इनका आरक्षण करना, शिक्षा के प्रसार के लिए योजनाएँ, आर्थिक विकास, नौकरियों में आरक्षण, विकास के लिए अलग से विशिष्ट मंत्रालय का गठन करना। 3. वर्तमान में हमारे देश में जाति जन्मजात मानी जाती है। इसमें परिवर्तन का कोई विकल्प नहीं है लेकिन सभ्यता के विकास के साथ तथा समाज सुधारकों के प्रयासों के पश्चात् धीरे-धीरे जाति व्यवस्था से जुड़ी रूग्णताएँ भी शनै: शनै: कम हो रही हैं। 4. जाति व्यवस्था समाप्ति के लिए धार्मिक और सामाजिक सुधारकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। गाँधीजी ने अछूत व्यवस्था को दूर करने के लिए सतत् प्रयास किए तथा भीमराव अम्बेडकर जाति व्यवस्था को दूर करने वाले प्रणेता थे। 5. गोंड आदिवासी मुख्य रूप से गोंडवाना क्षेत्र में निवास करते हैं। इनका मुख्य व्यवसाय कृषि तथा जुताई है। इनमें से कुछ शिल्पकार हैं जो छोटे-मोटे धातुओं के सामान बनाते हैं। इनका शिक्षा स्तर निम्न है। विवाह-विच्छेद, पुन: विवाह, विधवा विवाह सामान्य हैं तथा ये लोग भूत-प्रेत में विश्वास रखते हैं।

(ग) 1. आठ प्रतिशत 2. 500 3. चेंचू, कोटा 4. अशिक्षा, निर्धनता, पिछड़ापन 5. व्यवसाय।

(घ) 1. वैदिक 2. जुताई, कृषिकार्य 3. छत्तीसगढ़, मिजोरम 4. राजाराम मोहन राय 5. असम।

(ङ) 1. बंजारा 2. जातियों का सामाजिक विघटन 3. सन्थाल 4. चीन

(च) 1. (क) 2. (घ) 3. (घ) 4. (ग) 5. (घ)

8. सामान्य प्रचलित मान्यताएँ एवं धर्म

(क) 1. पैगंबर मौहम्मद इस्लाम धर्म के संस्थापक थे। इस्लाम शब्द का अर्थ होता है भगवान की इच्छा के समक्ष झुकना अथवा आत्मसमर्पण कर देना। यह एक एकेश्वरवादी धर्म है। 2. सूफी सन्त मुस्लिम धर्म को मानने वाले सन्त थे। सूफी शब्द 'सफ' से उत्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है 'ऊन'। फारस में संतों को रहस्यवादी सूफी इसलिए कहा गया है क्योंकि फारस के लोग शाल पहनते थे और वह मोटी ऊन से बना होता था। 3. (क) **ख्वाजा मुईन-उद्-दीन चिश्ती** भारत में 1192 ईस्वी में आए। वे कुछ समय के लिए दिल्ली और लाहौर में ठहरे और फिर अजमेर में बस गए। (ख) **मीराबाई** एक राजपूत राजकुमारी थी। उनका विवाह मेवाड़ के शासक राणा सांगा के साथ हुआ। **वल्लभाचार्य** का जन्म एक प्रसिद्ध तेलुगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये बनारस में रहा करते थे। 4. सन्त कबीर सबसे प्रसिद्ध भक्ति संत थे। वे निर्गुण संप्रदाय के अनुयायी थे और एक ही भगवान में विश्वास रखते थे। 5. हिन्दु अनुयायी कबीर के शव का दाह संस्कार करना चाहते थे और मुस्लिम अनुयायी उनको दफनाने में विश्वास रखते थे। ऐसा मानना है कि जब उनके शरीर से कपड़ा हटाया गया तो उनके अनुयाईयों को शव के स्थान पर फूल मिले। अंत में, हिन्दुओं ने आधे फूलों को ले लिया और उनका क्रियाकर्म कर दिया और आधे बचे फूलों को मुस्लिम अनुयाईयों ने दफना दिया।

(ख) 1. कलमा, नमाज, रोजा, हज एवं जकात। 2. संतों द्वारा भक्ति का प्रचार करने के लिए किए गए कार्य भक्ति आंदोलन कहलाता है। रामानन्द, चैतन्यदेव, मीराबाई आदि। 3. चैतन्य देव बंगाल के एक प्रसिद्ध धार्मिक प्रवर्त्तक थे। उन्होंने पच्चीस वर्ष की युवावस्था में सांसारिकता को त्याग दिया था। 4. निजाम-उद्-दीन औलिया चिश्ती सम्प्रदाय के एक महत्त्वपूर्ण सूफी सन्त थे। 5. कुछ विद्वानों के अनुसार कबीर का जन्म बनारस में 1398 ईस्वी में हुआ था। इनका लालन-पालन नीरू नामक मुस्लिम जुलाहा ने किया था। ये भी अपने पिता के व्यवसाय में अनुभवी थे।

(ग) 1. पैगंबर मौहम्मद 2. कुरान शरीफ 3. तलवंडी (अब पाकिस्तान) में। 4. मुस्लिम धर्म को मानने वाले सन्त 5. राणा सांगा।

(घ) 1. फारस 2. इस्लाम 3. नदिया 4. काव्योक्तियाँ अथवा दोहे 5. निर्गुण।

(ङ) 1. फारस 2. इस्लाम के पवित्र कानून में विश्वास करना 3. बीजक 4. सगुण 5. नदिया।

(च) 1. (क) 2. (ग) 3. (ख) 4. (घ) 5. (क)

9. क्षेत्रीय संस्कृतियों का फलना-फूलना

(क) 1. तुर्कों के आगमन के साथ फारसी, ब्राह्मण विद्वानों की भी अधिकारिक भाषा बन गई। इस काल के कवि अमीर खुसरो को सबसे महान फारसी कवि माना जाता है। अमीर हुसैन एक अन्य प्रसिद्ध कवि थे। प्रसिद्ध इतिहासकारों और भारत में आने वाले यात्रियों ने उस काल के शासकों, राजनैतिक घटनाओं और सामान्य लोगों के जीवन के बारे में विस्तार से लिखा। 2. मुगल सम्राट फारसी साहित्य को प्रोत्साहन प्रदान किया करते थे। सम्राट अकबर ने एक अलग विभाग की स्थापना की जिससे संस्कृत की प्रसिद्ध रचनाओं का हिन्दी अनुवाद किया जा सके। इस काल में तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' लिखा जबकि सूरदास ने हिन्दी में 'सूरसागर' की रचना की। 3. राजपूत शासक चित्रकारी कला के बहुत बड़े प्रोत्साहक एवं प्रश्रयदाता थे। इस काल में, भारतीय चित्रकारों द्वारा कुछ अद्वितीय चित्रकारी की रचना की गई। 4. भारतीय शास्त्रीय संगीत रागों पर आधारित था जिसने इस काल में नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया। ठुमरी, ध्रुपद, ख्याल, दादरा आदि हिन्दुस्तानी संगीत के रूप हैं। 5. बंगाल ने संगीत में समृद्ध योगदान प्रदान किया है। जयदेव द्वारा रचित 'गीत गोविन्द' एक अमर कृति है। इसको संगीत की शैली का एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है।

(ख) 1. अरबी और फारसी। अरबी मुख्यत: एक धार्मिकता से सम्बन्धित भाषा रही जबकि फारसी को दरबारी अथवा न्यायिक भाषा के रूप में अपनाया गया। 2. फारसी लिपि ही उर्दू के लेखन में प्रयुक्त की जाती है। इसकी अधिकांश शब्दावलियाँ फारसी भाषा से ली गयी हैं। 3. राजस्थानी चित्रकला और पहाड़ी चित्रकारी। 4. अमीर खुसरो एक महान फारसी कवि था जिसने एक नवीन प्रकार की संगीतमय शैली विकसित की जिसे 'कव्वाली' के नाम से जाना जाता है। 5. शास्त्रीय नृत्य जैसे–उड़ीसा में ओडिसी, उत्तर प्रदेश में कत्थक, तमिलनाडु में भारतनाट्यम आदि लोगों में बहुत ही लोकप्रिय थे।

(ग) 1. फारसी 2. एक प्रसिद्ध रचयिता थे। 3. तुज्क-ए-जहाँगीरी 4. अमीर खुसरो 5. बंगाल में।

(घ) 1. जयदेव 2. ब्रजभाषा, अवधी 3. ओडिसी, कत्थक, भारतनाट्यम 4. मिर्जा गालिब 5. बंगाल

(ङ) 1. तुज्क-ए-जहाँगीरी 2. तानसेन 3. बंगाल 4. कव्वाली 5. उर्दू

(च) 1. (ग) 2. (घ) 3. (क) 4. (ग) 5. (क)

10. अट्ठारहवीं शताब्दी में उभरे नवीन राजनैतिक समीकरण

(क) 1. मुगल साम्राज्य का पतन औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् से प्रारम्भ हो गया। उत्तराधिकारी बनने हेतु जो संघर्ष प्रारम्भ हुआ उसमें उसका सबसे बड़ा पुत्र बहादुरशाह विजयी रहा। लेकिन वह एक कमजोर शासक सिद्ध हुआ और साम्राज्य को नियन्त्रण में नहीं रख सका। 2. अट्ठारहवीं शताब्दी के अन्त में शुक्रचकिया मिस्ल के प्रधान महाराजा रणजीत सिंह ने सभी मिस्लों को संगठित किया और सतलज नदी के पश्चिम में स्थित सभी क्षेत्र को अपने नियन्त्रण में ले लिया और एक सिख राज्य की स्थापना की। 3. टीपू सुलतान ने एक नवीन प्रकार के माप एवं तौल की प्रणाली स्थापित करने का प्रयास किया। वह एक कुशल सेनानायक भी था। वह एक महान् सिपाही था जो पराजय के समक्ष खड़ा होने पर भी कभी निराश नहीं होता था। 4. शिवाजी ने मराठों की पहाड़ी जातियों को एक शक्तिशाली और सुसंगठित शक्ति के रूप में एकत्रित किया। उन्होंने उनके अन्दर देशभक्ति की भावना जाग्रत की। 5. शिवाजी का प्रशासन उनके स्वयं अर्थात् राजा के द्वारा प्रधान के रूप में चलाया जाता था जो एक आठ मन्त्रियों की समिति द्वारा सलाहकारी सहायता से चलता था।

(ख) 1. जोधपुर और जयपुर 2. बन्दा बहादुर सिख नेता थे। फरूखसिया ने बन्दा बहादुर को उनके दस हजार अनुयाईयों के साथ पकड़ लिया और यातनाएँ देकर मार डाला। 3. अट्ठारहवीं शताब्दी में महाराजा रणजीत सिंह ने सभी मिस्लों को संगठित किया और सतजल नदी के पश्चिम में स्थित क्षेत्रों को नियन्त्रण में लेकर सिक्ख राज्य की स्थापना की। 4. मुगलकाल में, निजाम-उल-मुल्क ने। 5. शिवाजी अपने आपको फल और मिठाईयों की टोकरियों में छिपाकर कैदखाने से बाहर निकल आए।

(ग) सवाई राजा जय सिंह ने। 2. खगोलकेन्द्र 3. मैसूर 4. जीजाबाई 5. राज्य के ब्राह्मण मंत्री।

(घ) 1. बहादुरशाह 2. हैदर अली 3. निजाम-उल-मुल्क 4. शिवनेर 5. राजा बनाने वालों।

(ङ) 1. जयपुर 2. मैसूर 3. अन्तिम सिख गुरु 4. हैदराबाद 5. कोण्डदेव।

(च) 1. (घ) 2. (क) 3. (ख) 4. (क) 5. (क)

इकाई-II : हमारा पर्यावरण

11. प्राकृतिक एवं मानवीय पर्यावरण

(क) 1. पृथ्वी का एक अद्वितीय पर्यावरण है। यही एक ऐसा ग्रह है जहाँ पर जीवन विभिन्न रूपों में है। 2. भौतिक पर्यावरण जैव पर्यावरण को प्रभावित करता है। जैव पर्यावरण भी भौतिक पर्यावरण को प्रभावित करता है। 3. समय के साथ भौतिक व जैव तत्त्वों की गतिशीलता के कारण। 4. परिस्थितिकी तंत्र जैव, भौतिक और मानवीय तत्त्वों का एक संघटित रूप है जिसमें सभी तत्त्व एक-दूसरे पर निर्भर हैं। 5. असंतुलित परिस्थितिकी तंत्र के कारण ऐसी स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं जो मानवों के लिए लाभदायक और हानिकारक दोनों हो सकती हैं।

(ख) 1. मानव जीवन के विकास के लिए। 2. चट्टानें अपघटित होकर मृदा में बदल जाती हैं। 3. ताकि हम अनुकूलन के विभिन्न तरीके खोजें और पर्यावरण में संतुलन बनाए रखें। 4. यदि पौधों की वृद्धि सामान्य रूप से कम हो जाती है तो यह शाकाहारियों की संख्या में कमी कर देती है जिससे मांसाहारी भी प्रभावित होते हैं।

(ग) 1. परिस्थितिकीय संतुलन 2. परिस्थितिकी तंत्र

(घ) 1. सहायक तंत्र 2. मैदान, पर्वत, जलवायु, मृदा, प्राकृतिक हरियाली, वन्य जीव इत्यादि। 3. मानव निर्मित वस्तुएँ 4. पर्यावरण के प्रकार।

(ङ) 1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य।

(च) 1. (ख) 2. (ग) 3. (क) 4. (ख)

12. प्राकृतिक वातावरण : भूमि

(क) 1. पृथ्वी की आंतरिक संरचना तीन परतों की बनी है–पपड़ी, प्रावरण तथवा केंद्र। 2. परतों से निर्मित; जीवधारियों के जीवाश्म से बनी; छिद्रिल चट्टानें; किसी भी प्रकार के क्रिस्टल नहीं पाए जाते; कोयला, तेल व प्राकृतिक गैस के जमाव से युक्त। 3. ज्वालामुखी पृथ्वी की पपड़ी में दरार होती है; (i) सक्रिय ज्वालामुखी समय-समय पर लावा उगलते रहते है। (ii) निष्क्रिय ज्वालामुखी जो अतीत में फूटे थे परंतु अब लम्बे समय से निष्क्रिय है। (iii) विलुप्त ज्वालामुखी वे हैं जो लम्बे समय पहले सक्रिय थे लेकिन अब वे इतने लम्बे समय से निष्क्रिय हैं कि भविष्य में उनके फूटने की सम्भावना नहीं है। 4. पृथ्वी के एक भाग का यकायक कंपन। भूकंप आने के प्रमुख कारण, भू-प्लेट हलचल और विवर्तनिक गतिविधियाँ हैं।

(ख) 1. पृथ्वी को चारों ओर से घेरे विभिन्न गैसों के मिश्रण का एक अदृश्य आवरण। 2. भौतिक वातावरण तथा जैव वातावरण। 3. पपड़ी, प्रावरण, केंद्र 4. अवसाद चट्टानें, रूपांतरित चट्टानें 5. (i) सक्रिय ज्वालामुखी (ii) निष्क्रिय ज्वालामुखी (iii) विलुप्त ज्वालामुखी 6. भूकंप का अध्ययन।

(ग) 1. स्थलमण्डल 2. जीवाश्म 3. पृथ्वी की पपड़ी में निहित खनिज, जीवाश्म। 4. लावा और गैसें। 5. आग्नेय चट्टान।

(घ) 1. **निष्क्रिय ज्वालामुखी**–लम्बे समय से निष्क्रिय हैं। **विलुप्त ज्वालामुखी**–जिनके भविष्य में फूटने की सम्भावना नहीं है। 2. **आग्नेय चट्टानें**–पृथ्वी के भीतर से निकले पिघले हुए पदार्थों का ठोस रूप हैं। **रूपांतरित चट्टानें**–रूपांतरण की प्रक्रिया के कारण बनती हैं। 3. **भौतिक वातावरण**–निर्जीव तत्व–भूमि, जल और वायु। **जैव वातावरण**–जैव वातावरण में जैव मण्डल सम्मिलित होता है।

(ङ) 1. 71 प्रतिशत 2. भूकम्प 3. पपड़ी 4. पौधे, पशुओं के अवशेष।

(च) 1. ठोस परत 2. माध्यमिक चट्टानें 3. स्थल मण्डल 4. मार्बल 5. मोटी परत।

(छ) 1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य

(ज) 1. (ख) 2. (क) 3. (घ) 4. (ख) 5. (क) 6. (ख) 7. (ग) 8. (क) 9. (घ)।

13. वायु

(क) 1. रेन गेज से; यह वर्षा की दर नापता है; हिमपात को गलन द्वारा मापते हैं। 2. हाइग्रोमीटर के द्वारा। 3. मौसम संबंधी सूचनाएँ मौसम केंद्रों से वैज्ञानिकों द्वारा एकत्र की जाती हैं। ये हमें ताप, नमी, वर्षा, मेघ, धूप, दाब और हवा की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करती हैं।

(ख) 1. एनेराइड बैरोमीटर का प्रयोग वायुमंडलीय दाब को मापने में किया जाता है। यह हवा द्वारा एक धातुई प्लेट पर लगाई गई शक्ति

को मापता है। 2. जहाँ मौसम सम्बंधी आँकड़े निरंतर एकत्रित किए जाते हैं। 3. उड़ान के दौरान जहाज की ऊँचाई बताने में किया जाता है। 4. वायु की आर्द्रता।

(ग) 1. ताप, नमी, दाब और हवा। 2. वर्षा का लगातार रिकार्ड 3. हवा का दाब 4. थर्मोमीटर।

(घ) 1. मौसम प्रति घंटे और प्रतिदिन बदलता रहता है, जलवायु एक स्थान विशेष का औसत मौसम है जो उसकी विशेषता होती है। 2. **ताप की दैनिक सीमा**–24 घंटे का औसत ताप, **वार्षिक सीमा**–साल भर का औसत ताप 3. **एल्टीमीटर** उड़ान के दौरान जहाज की ऊँचाई बताता है, **बैरोमीटर** हवा का दाब मापता है।

(ङ) 1. आर्द्रता 2. लू 3. आर्द्रता 4. 4° सेल्सियस 5. धुँध 6. नाइट्रोजन 7. सूर्य की पराबैंगनी किरणें 8. प्रदूषक 9. सूर्य 10. मौसम विज्ञान 11. सेल्सियस, फैरेनहाइट 12. सेंटीमीटर 13. विण्डवेन।

(च) 1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. असत्य 5. असत्य।

(छ) 1. (क) मिलिबार (ख) मिलीमीटर (ग) प्रतिशत (घ) डिग्री सेल्सियस 2. (क) बैरोग्राफ (ख) थर्मोमीटर (ग) हाइग्रोमीटर (घ) विडंवेन (ङ) एनिमोमीटर (च) हेयटोग्राफ।

(ज) 1. (ख) 2. (घ) 3. (ख) 4. (ग) 5. (ख) 6. (घ) 7. (क) 8. (क) 9. (ख) 10. (ख) 11. (क) 12. (ख) 13. (ख)।

14. जल

(क) 1. धाराएँ जल के घनत्व, ताप और लवणीयता में भिन्नता के कारण उत्पन्न होती हैं। 2. समुद्र जल के घनत्व में भिन्नता, प्रबल हवाएँ, पृथ्वी का अपने अक्ष पर घुमाव, खाड़ी देशों जिनके निकट ये धाराएँ बहती हैं वहाँ की जलवायु को प्रभावित करते हैं। उष्ण और ठण्डी धारा का मिश्रण प्लवकों के उत्पादन में मदद करता है 3. प्लवकों वाले क्षेत्र संसार के बड़े मछली उत्पादक क्षेत्र हैं। धाराएँ परिवहन को प्रभावित करती हैं, क्योंकि धारा से दूर जा रहा जहाज निश्चित ही तेजी से जायेगा। यह समय तथा ईंधन बचा सकती है।

(ख) 1. पृथ्वी पर बड़ी मात्रा में उपस्थित जल मण्डल। 2. महासागर और समुद्र। 3. समुद्रों में चट्टानों और नदियों द्वारा बहाकर लाए गए खनिजों के कारण। 4. हवा के बहने के कारण उत्पन्न एक खिंचाव लहरों की गति का महत्त्वपूर्ण कारण है। 5. चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण। 6. समुद्र परिवहन, नदी परिवहन, बंदरगाहों पर गाद जमने से रोकना, विद्युत उत्पादन, मछुआरों की मदद।

(ग) 1. मृत सागर में। 2. लहरें, ज्वार भाटा, महासागरीय धाराएँ। 3. कुरोशिया धारा और गल्फ स्ट्रीम धारा। 4. समुद्र जल के घनत्व में भिन्नता। 5. केनरे धारा, सहारा रेगिस्तान (अफ्रीका)।

(घ) 1. **लहरें**–महासागर के जल की सतह पर ऊपर नीचे होने को कहते हैं। **ज्वार-भाटा**–समुद्र के जल का एकाएक उठने व गिरने को ज्वार-भाटा कहते हैं। 2. **ऊष्ण धाराएँ**–ये भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती हैं और ध्रुवों की ओर बहती हैं। **ठण्डी धाराएँ**–ये उच्च अक्षांश में उत्पन्न होती हैं और भूमध्य रेखा की ओर बहती हैं। 3. **महासागरीय धारा**–महासागरीय जल के बड़े पैमाने पर एक निश्चित दिशा में बहने को महासागरीय धाराएँ कहते हैं। **संवहन**–जब महासागर की सतह पर बहते जल का परिमाण मंद और छिछला होता है तो उसे संवहन कहते हैं। 4. **स्प्रिंग ज्वार भाटा**–जब ज्वार भाटा साधारण से उच्च परिमाण का होता है। **लघु ज्वार-भाटा**–जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक त्रिभुज के तीन कोण बनाते हैं।

(ङ) 1. चंद्रमा 2. लवण 3. ठंडी 4. अमेजन नदी 5. लवणीय।

(च) 1. मृदा क्षरण 2. हिमनद 3. लहरें 4. मछली पकड़ना 5. हुगली।

(छ) 1. सत्य 2. असत्य 3. सत्य 4. सत्य 5. सत्य।

(ज) 1. (ख) 2. (क) 3. (क) 4. (क) 5. (ख) 6. (क) 7. (क)।

15. प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन

(क) 1. उष्णकटिबंधीय पतझड़ी वन (मानसूनी); ये उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ वार्षिक वर्षा 100 से 200 सेमी तक रहती है। वृक्ष पतझड़ में अपनी पत्तियाँ गिराते हैं। 2. औसत सदाबहार वनों में पेड़ों की पत्तियाँ चौड़ी और चिकनी होती हैं और इनकी जड़ें बहुत गहरी होती हैं। इसी कारण कम वर्षा और शुष्क मौसम में भी ये वन सदाबहार रहते हैं। 3. अनुवांशिक विविधता को बचाए रखने के लिए जैवमण्डल संरक्षण केंद्र प्रतिनिधि परिस्थितिकी तंत्रों में स्थापित किए गए हैं, वन्यजीवन को उसकी प्राकृतिक स्थिति में बचाए रखने के लिए राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य स्थापित किए गए हैं। 4. ये पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण में मदद करते हैं। वन जलवायु और मौसम को रासायनिक चक्र में परिवर्तित करके जीवन के अनुकूल बनाते हैं। ये वातावरण को नियंत्रित रखकर पृथ्वी का पर्यावरण सन्तुलन बनाए रखते हैं। 5. वृक्षों का कृषि, लकड़ी, ईंधन और मानवीय बस्तियों के लिए, पशु बाड़ों के लिए विनाश करना वननाशन या वनों का कटान कहलाता है। 6. 1973 में भारत सरकार द्वारा चलाया गया विशेष कार्यक्रम जिसमें कई राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य चीतों के लिए सुरक्षित क्षेत्र के रूप में स्थापित किए गए हैं 7. वन प्रकृति की महान भेंट हैं। वन पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण में मदद करते हैं। वन जंगली जंतुओं के आश्रय स्थल हैं। 8. घर न रहने के कारण पशुओं की कई प्रजातियाँ मिट गई हैं, कम पौधों का अर्थ है, कम प्रकाश-संश्लेषण। कम प्रकाश-संश्लेषण से आक्सीजन का उत्पादन कम हो जाता है और हवा में कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा बढ़ती है। 9. निवास का नाश, शिकार, प्रदूषण, विभिन्न उद्योगों द्वारा फैलाया वायु, जल और मृदा प्रदूषण पशु स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित करता है। 10. संकटशील प्रजातियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। वन्यजीवन को बचाए रखने के लिए राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य स्थापित किए गए हैं।

(ख) 1. भूमध्यरेखीय वन, सदाबहार वन, उष्णकटिबंधीय पतझड़ी वन (मानसूनी), चौड़ी पत्तियों वाले औसत सदाबहार वन, चौड़ी पत्तियों वाले औसत पतझड़ी वन, शंकुधारी वन 2. इन वृक्षों का आकार, शंकुकार होता है, तने के चारों ओर थोड़ी ऊँचाई पर ही पत्तियाँ होती हैं, इन वृक्षों की शाखाएँ और पत्तियाँ नीचे की ओर झुकी रहती हैं, तना अधिक मोटा नहीं होता, पत्तियाँ ऊँचाई तक जाते-जाते कम होती जाती हैं। 3. जैवमण्डल के सभी अवयवी एक-दूसरे पर वातावरण के संतुलन के माध्यम से निर्भर हैं। 4. टिम्बर, ईंधन, लकड़ी, भोजन और आक्सीजन। 5. कृषि; क्योंकि वहाँ की जलवायु कृषि के अनुकूल हैं।

(ग) 1. वन प्रकृति की महान भेंट हैं। 2. कार्बन डाईऑक्साइड 3. डीडीटी और डाइ-एल्डरिन। 4. रेड सिसकिन, सफेद मोर 5. राष्ट्रीय उद्यान, वहाँ की वनस्पति, वन्यजीवन और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए, एक सुरक्षित क्षेत्र होता है। 6. संकटशील प्रजातियों के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र होता है। 7. आई यू सी एन और डब्ल्यु डब्ल्यु एफ।

(घ) 1. पृथ्वी 2. प्राकृतिक 3. उष्णकटिबंधीय 4. यूरेशिया 5. पशुओं 6. अवयव 7. संकटशील 8. सुरक्षित।

(ङ) 1. असत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. सत्य 6. असत्य।

(च) 1. भूमध्यरेखीय वन 2. मानसूनी वन 3. औसत सदाबहार वन 4. शंकुधारी वन 5. औसत पतझड़ी वन।

(छ) 1. (क) 2. (ग) 3. (घ) 4. (क) 5. (घ)।

16. मानवीय पर्यावरण

(क) 1. **ग्रामीण बस्ती**–वह स्थान जहाँ मानव मूल व्यवसायों में बिना किसी सुविधा में संलिप्त हो गया। **नगरीय बस्ती**–विकसित बस्ती जहाँ सभी मूल सुविधाएँ उपलब्ध हुईं। 2. उपग्रह संचार तंत्र एक स्थान से दूसरे स्थान तक सूचना के संचार की पद्धति को कहते हैं। भारत में उपग्रह संचार तंत्र का प्रयोग टीवी कार्यक्रमों, दूरसंचार और अन्य कारणों से किया जाता है। 3. द्रुत परिवहन का साधन रेलवे, सड़क मार्ग की तुलना में अधिक भार ले जा सकता है। 4. यह पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयुक्त है जहाँ सड़कें और रेलवे नही पहुँच पातीं।

(ख) 1. कीचड़ की मोटी दीवारें दिन में घर को ठण्डा रखती हैं क्योंकि कीचड़ ऊष्मा का कुचालक है। 2. ग्रामीण और नगरीय बस्ती। 3. पाइपलाइनों का प्रयोग अधिकांशत: खनिज तेल, प्राकृतिक गैस और जल के परिवहन में होता है। 4. बस्ती का अर्थ है सामूहिक मानवीय निवास क्षेत्र।

(ग) 1. भूमि, जल, वायु परिवहन 2. इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली), टोक्यो अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गिम्पो अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, शिफोल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हीर्थो अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जूरिक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, फ्यूमिसिनो रोम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 3. मेडिटेरियन समुद्र को लाल समुद्र से। 4. नगरीय बस्ती, उचित हवा का अभाव।

(घ) 1. इस्लामाबाद 2. पहिए 3. नदियों 4. टेलिफोन 5. ग्रामीण 6. आन्तरिक जलमार्ग 7. अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से।

(ङ) 1. सत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. असत्य 5. असत्य 6. सत्य 7. असत्य 8. सत्य।

(च) 1. कृषि 2. उद्योग 3. न्यूयार्क 4. आर्यभट्ट 5. रूस।

(छ) 1. (क) 2. (क) 3. (ग) 4. (ख)।

17. मानवीय पर्यावरण अंत: क्रिया

(क) 1. अफ्रीका का सहारा रेगिस्तान संसार का विशालतम रेगिस्तान है। यह पूर्व से पश्चिम में लगभग 55000 किमी तथा उत्तर और दक्षिण में 1900 किमी तक फैला है। 2. लद्दाख एक ठण्डा रेगिस्तान है। यह जम्मू कश्मीर के पूर्व में स्थित है। ऊँचे पर्वत और शुष्कता इस क्षेत्र के प्रमुख लक्षण हैं। 3. अमेजन के वर्षा वनों में बड़ी विविधता वाले पौधे और पशु पाए जाते हैं। इस खाड़ी में उष्णकटिबंधीय ऊँचे वृक्षों वाले सदाबहार वन पाए जाते हैं। सवाना चरागाह इन वनों के दक्षिण में है। 4. अधिकांश लोग गाँवों में रहते हैं। गाँवों में न केवल कृषि वरन् कई लघु उद्योग और कुटीर उद्योग भी स्थापित हैं। 5. विविध प्रकार की फसलें बड़ी मात्रा में उगाई जाती हैं; जैसे–गेहूँ, मक्का, ओट, जौ, राई और तिलहन, जिन्हें प्राकृतिक वातावरण द्वारा मदद मिलती है। ये कस्बे कृषि उत्पादों को एकत्रित करने, भण्डारण तथा वितरण के केंद्रों का कार्य करते हैं। 6. वैल्ड दक्षिणी अफ्रीका के चरागाह हैं। ये चरागाह ड्रेकेंसबर्ग पर्वतों से लेकर नामिबियन रेगिस्तान तक फैले हैं।

(ख) 1. रेगिस्तान वह बंजर भूमि है जहाँ वर्ष में 25 सेमी से कम वर्षा होती है। गर्म रेगिस्तानी जीवन 20 से 30 डिग्री अक्षांश पर भूमध्य रेखा के उत्तरी और दक्षिणी भाग में मिलता है। 2. ठंड के दौरान यह क्षेत्र अत्यंत ठंडा होता है जब तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे हो जाता है। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं होता। वर्षा कम होती है। 3. अमेजन नदी भूमध्य रेखा के 10 डिग्री उत्तर और 10 डिग्री दक्षिण में दक्षिण अमेरिका की अमेजन खाड़ी में स्थित है। अमेजन नदी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी नदी है। 4. लोगों का जीवन स्तर और आय बढ़ती है। 5. चरागाहों को प्राकृतिक वातावरण द्वारा मदद मिलती है इसके अतिरिक्त चरागाह क्षेत्रों के अधिकतर कस्बों में रेलवे जंक्शन हैं। 6. दक्षिणी अफ्रीका की स्थिति ताप क्षेत्र में उत्तरी गोलार्द्ध में है।

(ग) 1. खजूर, ताड़ 2. मरुद्यान रेगिस्तान का एक उपजाऊ भाग है। 3. अमेजन खाड़ी की जलवायु गर्म और नम है 4. गंगा–ब्रह्मपुत्र क्षेत्र के वन अमेजन सिंचित प्रदेश की तुलना में कम सघन हैं। इसलिए ये वन अधिक उपयोगी हैं। 5. ये कस्बे कृषि उत्पादों को एकत्रित करने, भण्डारण तथा वितरण के केंद्रों का कार्य करते हैं।

(घ) 1. सहारा 2. हवा 3. अमेजन वर्षा वन 4. गंगा–ब्रह्मपुत्र 5. वैल्ड 6. संसार।

(ङ) 1. सत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. असत्य।

(च) 1. अमेजन के वर्षा वनों में बड़ी विविधता वाले पौधे और पशु पाए जाते हैं। गंगा–ब्रह्मपुत्र वन भूमध्यरेखीय क्षेत्रों के वनों के समान सघन नही हैं। 2. चरागाह मध्य अक्षांश के मैदानों पर घास के बड़े मैदान हैं। वैल्ड चरागाह ड्रेकेंसबर्ग पर्वतों से लेकर नामिबियन रेगिस्तान तक फैले हैं।

(छ) 1. (ग) 2. (ग) 3. (ख) 4. (ग) 5. (घ) 6. (ख) 7. (ख) 8. (क) 9. (क)

इकाई-III: प्रजातन्त्र एवं समानता

18. प्रजातन्त्र का विकास

(क) 1. सन् 1688 की इंग्लैण्ड की प्रसिद्ध क्रान्ति ने ब्रिटिश राजा के निरंकुश शासन पर गहरी चोट पहुँचाई। सन् 1789 ईस्वी में फ्रेंच क्रान्ति ने स्वतन्त्रता, समानता और भ्रातत्व की अवधारणा को प्रस्तुत किया। इसने राजा की सत्ता को गहरी चोट पहुँचाई। सन 1917 ईस्वी में रूसी क्रान्ति ने भी आर्थिक समानता लाने का प्रयास किया। 2. एकीकृत और संघीय स्वरूप वाली सरकार है। भारतीय संविधान दोनों ही स्वरूपों वाला है अर्थात् यह एक तरफ तो एकीकृत है और दूसरी तरफ यह संघीय भी है। लेकिन फिर भी केन्द्रीय सरकार को अपेक्षाकृत अधिक शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। 3. प्रजातन्त्रात्मक सरकार का निर्माण आम जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। अधिनायकवादी सरकार के सभी अधिकार एवं शक्तियाँ किसी एक व्यक्ति अथवा दल के हाथों में निहित होते हैं। 4. सरकार के निर्णय बहुमत के सिद्धान्त पर तय किए जाते हैं। 5. संसदीय स्वरूप वाली सरकार में सरकार का निर्माण मन्त्रियों की समिति के द्वारा होता है, जबकि राष्ट्राध्यक्ष स्वरूप वाली सरकार में कार्यपालिका संसद से स्वतन्त्र होती है।

(ख) 1. प्रजातन्त्र लोगों द्वारा बनाई हुई सरकार है, यह उनकी सरकार है और उनके लिए ही इस सरकार का निर्माण होता है। 2. कानून का शासन में न्याय के अन्तर्गत प्रशासन करने का आधार होता है।

3. एक स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका का होना आवश्यक होता है जिससे यदि कोई केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के मध्य समस्या उत्पन्न होती है तो इसको आपस में शान्ति से सुलझाया जा सके। 4. जहाँ विभिन्न धर्मों को मानने वाले समान रूप से समान अधिकार रखते हैं और उन्हें अपना धर्म मानने की पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त है। 5. राष्ट्राध्यक्ष स्वरूप वाली सरकार।

(ग) 1. संयुक्त राज्य अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति थे। 2. सन् 1688 3. यह कानूनों का पालन सुनिश्चित करवाती है और देश की प्रशासनिक व्यवस्था को चलाती है। 4. कानून के अन्तर्गत अस्पृश्यता को दण्डनीय अपराध घोषित कर दिया गया है। 5. वास्तविक सत्ता लोगों के हाथों में होती है, सरकार का कार्यकाल निश्चित होता है।

(घ) 1. राष्ट्राध्यक्ष 2. एथेन्स 3. संविधान 4. दोगुने 5. धर्म निरपेक्ष।

(ङ) 1. एथेन्स 2. राजशाही 3. पाकिस्तान 4. भारत 5. तानाशाह।

(च) 1. (ग) 2. (क) 3. (ख) 4. (ख) 5. (क) 6. (घ) 7. (ख) 8. (ख) 9. (ग)।

19. प्रजातन्त्र का संस्थागत प्रतिनिधित्व

(क) 1. मतदान के अधिकार को देश के सभी व्यस्क नागरिकों को जिनकी आयु कम से कम अट्ठारह वर्ष हो, बिना किसी जाति, धर्म, इत्यादि के भेदभाव के प्रदान किया जाता है। 2. यह चुनाव आयोग का उत्तरदायित्व है कि वह संसद और राज्यों की विधान सभाओं के लिए चुनाव करवाए। 3. सरकार के द्वारा अपनायी गयी नीतियाँ एवं कार्यक्रम और जनप्रतिनिधियों की योग्यता अथवा उनके बारे में जनता की पसन्द, केवल एक चुनी हुई सरकार ही अपने नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित रख सकती है। 4. एक नई लोकसभा अथवा राज्यों की विधान सभा का चुना जाना अथवा निर्माण किया जाना वर्तमान सदन के कार्यकाल की अवधि समाप्त होने पर अथवा उसके भंग हो जाने की दशा में आवश्यक होता है। इसके लिए राष्ट्रपति सूचना प्रपत्र जारी करते हैं। चुनाव प्रक्रिया अधिसूचना प्रपत्र के जारी होने पर प्रारम्भ हो जाती है। 5. एक राजनैतिक दल ऐसे व्यक्तियों का संगठन होता है जिसके विचार समान हैं तथा जो एक राजनैतिक इकाई के रूप में कार्य करते हों एवं जिसका उद्देश्य संवैधानिक मार्ग को अपनाकर सरकार पर नियन्त्रण स्थापित करना होता है।

(ख) 1. उम्मीदवार मतदाताओं में झण्डों, पर्चों, पत्रकों, स्टीकरों इत्यादि का वितरण करते हैं और उनसे उनका समर्थन और चुनाव में उनका अपने पक्ष में मत डालने का निवेदन करते हैं। 2. एक राष्ट्रीय राजनैतिक दल समूचे देशभर में चुनावों में हिस्सा लेता है, जबकि क्षेत्रीय स्तर का राजनैतिक दल किसी एक विशिष्ट क्षेत्र अथवा राज्य में ही चुनाव लड़ता है। 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना सन् 1885 में हुई थी। कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ है। इसने निम्न नीतियों और कार्यक्रमों को चलाने पर जोर दिया–कम्पनियों का निजीकरण, जनजातियों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार आरक्षण आदि। 4. विपक्षी दल इस बात की निगरानी करते हैं कि सरकार द्वारा अपनी शक्ति का दुरुपयोग न हो। विपक्षी दल जनता का मत सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध बनाते हैं। 5. यदि किसी परिस्थिति में कोई राजनैतिक दल चुनावों में सम्पूर्ण रूप से बहुमत प्राप्त नहीं कर पाता है तो दो या दो से अधिक राजनैतिक दल आपस में मिलकर सरकार का निर्माण करते हैं।

(ग) 1. 18 वर्ष। 2. राष्ट्रपति द्वारा। 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया। 4. जब दो या दो से अधिक राजनैतिक दल आपस में मिलकर सरकार का निर्माण करते हैं। 5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

(घ) 1. साइकिल 2. प्रजातंत्र 3. पाँच 4. राष्ट्रीय राजनैतिक 5. चुनाव आयोग।

(ङ) 1. हाथ 2. मक्का का पौधा एवं हंसिया 3. तराजु 4. हाथी 5. कमल का फूल।

(च) 1. (ख) 2. (घ) 3. (क) 4. (घ) 5. (ख)

20. राज्य सरकार : इसका गठन और कार्य

(क) 1. राज्यों की विधायिका ही राज्य की कानून निर्माता है। अधिकांश राज्यों का अपनी विधायिका में केवल एक सदन ही होता है; जैसे–विधान सभा। जबकि कुछ बड़े राज्यों के दो सदन होते हैं; जैसे–विधान सभा, जिसे निचला सदन कहा जाता है और विधान परिषद, जिसको उच्च सदन कहा जाता है। 2. किसी राज्य का राज्यपाल उस राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है। उसके पास अनेक शक्तियाँ होती हैं; जैसे–(i) कार्यकारी शक्तियाँ (ii) विधायी शक्तियाँ (iii) न्यायिक अधिकार (iv) स्वविवेकी शक्तियाँ। 3. किसी विधेयक के पारित होने में तीन स्थितियाँ होती हैं जिनको वाचन कहते हैं। प्रथम वाचन में विधेयक को प्रस्तुत किया जाता है द्वितीय वाचन में सदन में उस विधेयक के सम्बन्ध में आम बहस का आयोजन होता है, तृतीय वाचन में उक्त विधेयक सदन में मतदान के लिए प्रस्तुत किया जाता है और सभापति उसपर अपने हस्ताक्षर करने के उपरान्त विधान परिषद को स्वीकृति हेतु भेज देता है। जब राज्य का राज्यपाल उक्त विधेयक पर अपने हस्ताक्षर कर देता है तो यह विधेयक कानून बन जाता है 4. मुख्यमंत्री ही विधान सभा का नेता होता है, साथ ही वह बहुमत दल का नेता भी होता है। मुख्यमंत्री राज्यपाल और मन्त्रियों की समिति के मध्य सम्पर्क सूत्र की भूमिका निभाता है। 5. नागरिक अधिकारी अथवा सरकारी अधिकारी जिन पर सरकार की नीतियों को क्रियान्वयन करने का उत्तरदायित्व होता है किसी भी सरकार की सफलता उसमें कार्य करने वाले नौकरशाहों की कुशलता, योग्यता और ईमानदारी पर निर्भर करती है।

(ख) 1. वह आवश्यक रूप में भारत का नागरिक हो; उसकी आयु पच्चीस वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए; उसने कोई लाभ का पद नहीं ग्रहण कर रखा हो, उस व्यक्ति का नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में अंकित होना चाहिए। 2. इन शक्तियों के प्रयोग करने में राज्यपाल मन्त्रियों की समिति की सलाह को मानने के लिए बाध्य नहीं है। यदि किन्हीं परिस्थितियों में कोई भी राजनैतिक दल चुनाव में स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं कर पाता है तो राज्यपाल के पास स्वविवेक प्रयोग करने का अधिकार है। 3. वित्त विधेयक ऐसा विधेयक है जिसका सम्बन्ध वित्तीय मामलों से होता है। वित्त विधेयक केवल राज्य की विधान सभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। सरकार का कोई एक मंत्री राज्यपाल की स्वीकृति के पश्चात् इसको सदन के समक्ष प्रस्तुत करता है। जब विधान सभा इस वित्त विधेयक को पारित करती है तब इसे विधान परिषद में भेजा जाता है। 4. यदि किसी राज्य का प्रशासन संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही नहीं कर रहा है तब राज्यपाल अपनी आख्या को राष्ट्रपति के समक्ष भेज सकता है। ऐसी

परिस्थिति उत्पन्न होने पर उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो सकता है। 5. किसी राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक अध्यक्ष राज्य का मुख्यमंत्री होता है। राज्य के मन्त्रीगण विभिन्न मन्त्रालयों की अध्यक्षता और नियन्त्रण करते हैं। प्रत्येक मन्त्रालय का एक सचिव होता है। उसकी सहायता के लिए संयुक्त-सचिव, उप-सचिव, निचले स्तर के सचिव और अन्य प्रशासनिक अधिकारी और खण्ड-अधिकारी इत्यादि होते हैं।

(ग) 1. राज्यपाल 2. बहुमत प्राप्त दल के नेता को। 3. वह राज्यपाल के दृष्टिकोण को मन्त्रियों की समिति के समक्ष रखता है। 4. राष्ट्रपति 5. राज्यों की विधायिका।

(घ) 1. 47 2. अट्ठाइस; सात 3. स्वायत्तता 4. कानून 5. क्षमा।

(ङ) 1. निचला सदन 2. 66 विषय 3. नौकरशाह 4. न्यूनतम 35 वर्ष की आयु 5. उच्च सदन।

(च) 1. (ख) 2. (क) 3. (ख) 4. (ग)।

21. संचार के साधन और प्रजातन्त्र

(क) 1. संचार के साधनों; जैसे–समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, रेडियो, टेलीविजन इत्यादि से होता है। संचारी साधन सरकार और जनता के बीच एक प्रकार के सम्पर्क सूत्र की भी भूमिका निभाते हैं। साथ ही ये देश के प्रजातान्त्रिक हितों और लोगों के मूलभूत अधिकारों को भी संरक्षण प्रदान करते हैं। 2. समाचार पत्र ही लोगों में उनके दृष्टिकोण को गठित करते एवं गढ़ते हैं। लोग इनको पढ़कर सरकार की विभिन्न नीतियों के सम्बन्ध में स्वयं का दृष्टिकोण बनाते हैं। वे अपने विचारों को 'सम्पादक के नाम पत्र' नामक शीर्षक के अन्तर्गत भेजकर अभिव्यक्ति प्रदान कर सकते हैं। 3. इनका यह सामाजिक दायित्व बनता है कि ये लोगों के हितों की रक्षा करें। समाचारों को सटीकता के साथ दर्शाना चाहिए जिससे किसी प्रकार का भेदभाव और पूर्वाग्रह की भावना उत्पन्न न हो। 4. मुद्रित संचार के साधनों की उपलब्धता सीमित होती है। समाज में लोगों का केवल शिक्षित वर्ग ही लाभ उठा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक संचार की सुविधाएँ अशिक्षितों में भी लोकप्रिय है। अशिक्षित लोग रेडियो सुन सकते हैं और टेलीविजन देख सकते हैं। 5. संचार के साधनों को समाचारों का सही और सटीक वर्णन प्रस्तुत करना चाहिए, उसको अपना कार्य बिना किसी भेदभाव अथवा बिना पक्षपात के करना चाहिए।

(ख) 1. संचार के साधन; जैसे–समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, रेडियो, टेलीविजन इत्यादि से होता है। 2. मुद्रित संचार के साधनों का समाज में केवल शिक्षित वर्ग ही लाभ उठा सकता है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक संचार की सुविधाएँ अशिक्षितों में भी लोकप्रिय हैं। 3. उनका यह दायित्व बनता है कि वे जनता में जागृति और उत्सुकता को बनाए रखें; भ्रष्टाचार, परिवार-परस्ती इत्यादि का निवारण देश में करने का प्रयास करें। 4. संचारी साधनों द्वारा चलाए गए अभियान जिनका उद्देश्य भ्रष्टाचार और अन्य सामाजिक बुराइयों को सामने लाना है। 5. क्योंकि केवल शिक्षित वर्ग ही इनका लाभ उठा सकता है।

(ग) 1. हाँ 2. टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट इत्यादि। 3. **मुद्रित संचार के साधन**–समाचारपत्र, पुस्तकें, पत्रिकाएँ। **इलेक्ट्रॉनिक संचार के साधन**–रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट। 4. हाँ 5. हाँ।

(घ) 1. संचार-व्यवस्था 2. दृष्टा 3. इलेक्ट्रॉनिक 4. उन्मूलन में 5. सत्य।

(ङ) 1. प्रजातन्त्र 2. भ्रष्ट नेता 3. रेडियो 4. सम्पादक को पत्र 5. पत्रिकाएँ।

(च) 1. (ग) 2. (क) 3. (क) 4. (ख) 5. (घ)।

22. व्यावसायिक और सामाजिक विज्ञापन

(क) 1. विज्ञापन जनसंचार का एक बहुत महत्त्वपूर्ण साधन है। किसी भी उत्पाद का एक बाजार बनाने में विज्ञापन सबसे उत्तम और सरल उपाय है। 2. विज्ञान और तकनीक के विकास के साथ-साथ विज्ञापन के तरीके भी परिवर्तित होते चले गए हैं। पन्द्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी में सम्भाषणों के साथ हाथ से लिखे पत्रको और पर्चों ने अपना स्थान बनाया। यह अब और अधिक तकनीक प्रधान और बाजार के रुझान के अनुसार हो गया है जिसने इसको और अधिक रोचक बना दिया है। 3. व्यावसायिक विज्ञापन बाजार से सीधा सम्बन्ध रखते हैं। इनमें खरीददारों अथवा ग्राहकों से किसी विशिष्ट उत्पाद, सेवा अथवा विचार के लिए प्रार्थना का निष्पादन होता है। 4. विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य लोगों को किसी विशिष्ट नाम अथवा श्रेणी वाले उत्पाद अथवा किन्हीं अन्य विषयों के प्रति लोगों में जागृति उत्पन्न करना होता है। 5. व्यावसायिक विज्ञापन किसी उत्पाद, सेवा अथवा विचार की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया अभियान है, जबकि सामाजिक विज्ञापन उन्हें कहा जाता है जिनमें किन्हीं विशिष्ट सामाजिक विषयों जैसे–परिवार नियोजन, एड्स, राष्ट्रीय एकता जैसी बातों के बारे में जागृति पैदा की जाती है।

(ख) 1. विज्ञापन जनसंचार का एक बहुत महत्त्वपूर्ण साधन हैं। 2. किसी भी उत्पाद के लिए विज्ञापन देना उसका एक बाजार बनाने के लिए सबसे उत्तम और सरल उपाय है। 3. समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, टी वी, रेडियो, इंटरनेट, होर्डिंग्स आदि। 4. लोगों को किसी नाम अथवा श्रेणी वाले उत्पाद लोगों को खरीदने के लिए लालायित करना। 5. विज्ञापन को किसी भी प्रकार से लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचानी चाहिए।

(ग) 1. हाँ 2. दो प्रकार के। 3. जिनमें किन्हीं विशिष्ट सामाजिक विषयों का सम्बोधन किया गया हो। 4. व्यस्त सड़कों के चौराहों पर। 5. हाँ।

(घ) 1. प्रोत्साहित 2. विज्ञापन 3. लोगों 4. खुली 5. अन्तर्गत।

(ङ) 1. बाजार से सम्बन्धित 2. एड्स के प्रति जागरूकता 3. व्यावसायिक विज्ञापन 4. विज्ञापन के साधन 5. जनसंचार के साधन।

(च) 1. (ख) 2. (ग) 3. (क) 4. (घ) 5. (घ)।

23. लैंगिक भेदभाव

(क) 1. पुरुष और महिला के मध्य अन्यायपूर्ण भेदभाव अथवा पक्षपात को ही लैंगिक भेदभाव कहा जाता है। ऐसा समाज जहाँ पर पुरुषों और महिलाओं में पूर्वाग्रह की भावना रहती है प्रगति नहीं कर सकता। 2. जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्त्रियों को पुरुषों से कमतर आँकना, उन्हें परिवार का अवांछित मेहमान समझना, उन्हें गृहकार्यों के योग्य ही समझना आदि। 3. बालक और बालिका के मध्य उनके बाल्यकाल से ही भेदभाव बरतना प्रारम्भ हो जाता है जिनमें प्रमुख हैं–(i) स्त्रियों को निचला दर्जा दिया जाना। (ii) कन्या भ्रूणहत्या। (iii) बालिकाओं की शिक्षा में उपेक्षा किया जाना। (iv) बाल विवाह (v) दहेज प्रथा (vi) सती प्रथा (vii) सम्पत्ति के अधिकार से वंचित करना। 4. सामाजिक असमानता के फलस्वरूप महिलाओं की मृत्यु-दर पुरुषों की मृत्यु-दर से अधिक; कन्या भ्रूणहत्या; परिवार में बालिका सदस्यों के साथ अनुपयुक्त व्यवहार

आदि देखने को मिलते हैं। आर्थिक क्षेत्र में भी महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है; जैसे–कम मजदूरी देना, कठिन कार्यों के अयोग्य समझना, परिजनों की सम्पत्ति में हिस्सा न देना आदि। 5. स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् स्त्रियों को भी बिना किसी भेदभाव बरते हुए मतदान का अधिकार, परिजनों की सम्पत्ति में हिस्सा मिलने का अधिकार आदि प्रदान किये गये हैं।

(ख) 1. सती प्रथा एक ऐसी बुरी सामाजिक कुप्रथा है जिसमें विधवा को उसके मृत पति के शव के साथ चिता में जलकर मरने के लिए विवश किया जाता है। 2. दहेज प्रथा एक ऐसी प्रथा है जिसमें लड़की के परिजनों को पैसा, बहुमूल्य सामग्री और गहनों इत्यादि को लड़की के विवाह के समय देना पड़ता है। इस बुरी प्रथा के कारण बहुत-सी लड़कियाँ अविवाहित रह जाती हैं क्योंकि उनके परिजन दहेज चुकाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। 3. ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने ऐसे आन्दोलन को प्रारम्भ किया जिससे बाल विवाह पर रोक लगे और विधवा विवाह अथवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहन मिले। 4. देश के बहुत से राज्यों में लड़कियों को शिक्षा मुफ्त प्रदान की जा रही है। 5. स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् बिना किसी लैंगिक, जाति, रंग एवं भाषा से सम्बन्धित भेदभाव के स्त्रियों को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया है।

(ग) 1. स्त्रियों को स्वयं की पहचान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना। 2. 1829 में। 3. बालिकाओं की शिक्षा में उपेक्षा किया जाना। 4. समाज में उनको समान अधिकार प्राप्त हैं। 5. बाल विवाह, दहेज प्रथा, सती प्रथा।

(घ) 1. ऋण 2. सुधार 3. असमानता 4. शिक्षा 5. प्रतिबन्ध।

(ङ) 1. ब्रह्म समाज 2. विधवा विवाह 3. शिशु बालिका भ्रूणहत्या 4. पर्दा प्रथा का समापन 5. लैंगिक भेदभाव।

(च) 1. (क) 2. (घ) 3. (घ) 4. (ख) 5. (ग)

24. बिक्री और बिक्री करने की कला

(क) 1. बिक्री करना एक विस्तृत अर्थ वाला कथन है जिसमें ग्राहकों की आवश्यकताएँ और उनकी सन्तुष्टि सम्मिलित होती हैं। आजकल बिक्री करना ग्राहकों की आवश्यकताओं और माँगों पर भी निर्भर करता है। 2. रोजगार के अवसरों का सृजन, ग्राहकों की सन्तुष्टि, बिक्री की संभावनाओं की तलाश, राजस्व में वृद्धि, बिना मोलभाव के बिक्री, अच्छे जीवन स्तर का विकास होना आदि। 3. स्थिर मूल्य नीति में मोलभाव का कोई स्थान नहीं रहता, जबकि लोचपूर्ण मूल्य नीति में विक्रेता के पास यह स्वतन्त्रता रहती है कि वह इसका मूल्य भिन्न-भिन्न ग्राहकों से उनकी मोलभाव की क्षमता के अनुसार तय कर सके। 4. प्रत्यक्ष माध्यम–ऐसा माध्यम जब एक विक्रेता अपने सामान और सेवाओं की प्रत्यक्ष रूप में उसके ग्राहकों को बिक्री करता है। अप्रत्यक्ष माध्यम–उत्पादकों द्वारा उसके ग्राहकों तक पहुँचने में बिचौलिये की नियुक्ति की जाती है। 5. एक कुशाग्र बिक्रीकर्मी किसी भी व्यवसाय के लिए बहुत बड़ी सम्पत्ति के समान होता है। किसी भी व्यवसाय का यह उद्देश्य होता है कि वह अपने उत्पादों एवं सेवाओं की बिक्री द्वारा लाभ अथवा राजस्व की प्राप्ति करें, जो एक कुशल बिक्री की कला के प्रयोग से ही सम्भव है।

(ख) 1. बाजार एक ऐसा स्थान होता है जहाँ पर ग्राहक और विक्रेता आपस में मिलते हैं और किसी उत्पाद को पैसे के बदले में खरीदते-बेचते हैं। 2. बिक्री करने की अवधारणा भी बिक्री करने की प्रक्रिया से विस्तृत रूप में सांमजस्यपूर्ण हो गयी है। ग्राहकों की तलाश करना, उनकी आवश्यकताओं को जानना, बिक्री पश्चात् सेवा उपलब्ध करवाना आदि। 3. यह ग्राहकों और विक्रेताओं दोनों को ही आपसी विश्वास की भावना का संचार करती है। इसमें मोलभाव का कोई स्थान नहीं रहता है 4. थोक-विक्रेता ऐसा व्यक्ति होता है जो किसी उत्पाद को उसके उत्पादक से बड़ी मात्रा में खरीदकर उसको खुदरा-विक्रेताओं को बेचता है। खुदरा-विक्रेता ऐसा व्यक्ति होता है जो किसी उत्पाद को थोक-विक्रेता से खरीदकर ग्राहकों को बेचता है। 5. यह समाज में रोजगारों के सृजन करने में सहायता प्रदान करती है जिससे रोजगार बढ़ते हैं और बाजार में पैसा बढ़ता है।

(ग) 1. किसी विक्रेता और उसके ग्राहक के मध्य होने वाला उत्पाद अथवा सेवा के मूल्य पर सहमति बनाने का प्रयास। 2. ग्राहकों की सन्तुष्टि आवश्यकताओं और माँगों पर निर्भर करती है। 3. हाँ 4. प्रत्यक्ष माध्यम और अप्रत्यक्ष माध्यम। 5. ग्राहकों की सन्तुष्टि तथा लाभ कमाना।

(घ) 1. बाजार 2. रोजगार 3. थोक-विक्रेता 4. ग्राहक 5. सम्पर्क।

(ङ) 1. स्थिर मूल्य नीति 2. अप्रत्यक्ष माध्यम 3. ग्राहकों की सन्तुष्टि 4. बड़ी मात्रा में क्रय करना 5. बिक्री करना।

(च) 1. (घ) 2. (क) 3. (घ) 4. (घ) 5. (घ)

सामाजिक अध्ययन–8

इकाई-I : हमारा इतिहास

1. आधुनिक समय में संसार–आधुनिक युग

(क) 1. मशीनों द्वारा उत्पादन की नई तकनीक जो अर्थव्यवस्था में महान अंतर ले आई, उसे औद्योगिक क्रांति कहा जाता है। 2. साम्राज्यवाद का अर्थ है–विदेशी भूमि पर और अधिक स्थान प्राप्त करना। साम्राज्यवाद की वृद्धि के कारण थे–कच्चे माल के बदले तैयार माल की माँग पूरी करना। 3. घरेलू तंत्र को कारखाना तंत्र से बदल दिया गया। हाथ से कम मात्रा में बना सामान कारखाने में बने सामान से पीछे रह गया जो तेजी से बनाया जाता था। उत्पादन का एक नया मार्ग अपनाया गया जिसे कारखाना तंत्र कहा गया। नए आविष्कार हुए भारत में वस्त्र उद्योग में उत्पादन बढ़ा। 4. इसने घरेलू उद्योग को चौपट कर दिया और इसके स्थान पर कारखाना पद्धति को अपनाया; बालश्रम को बढ़ावा दिया गया; इसने समाजवाद को जन्म दिया; इसने लोगों की आदतों, विचारों और जीवन में महान परिवर्तन किए। 5. सामान की माँग बढ़ गई थी। हाथ से बना सामान लोगों की आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर सका। गाँव में उपलब्ध कच्चा माल उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त न था। 6. इसके प्रभाव सम्बंधों में वृद्धि, राष्ट्रीय जागृति, पश्चिमी शिक्षा आदि हैं। 7. हैदर अली अपनी शक्ति पड़ोसी राज्यों के दम पर बढ़ाना चाहता था। मराठे, अंग्रेज और हैदराबाद का निजाम हैदर अली की बढ़ती शक्ति से ईर्ष्या रखते थे। इस युद्ध के परिणाम थे–अंग्रेजों ने मैसूर राज्य के एक बड़े भू-भाग पर अधिकार कर लिया।

(ख) 1. देश छोटी स्वतंत्र राजधानियों में बँट रहे थे जो सदैव आपस में लड़ती रहती थीं। एकता की इस कमी ने भारत को अंतत: ब्रिटेन द्वारा उपनिवेशवाद में धकेल दिया। 2. प्राथमिक स्रोत एवं गौण स्रोत 3. एक सशक्त मध्य वर्ग ने सामान्य जनों को शोषण के विरूद्ध अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया कि वे स्वयं

सोचें। रूसो ने कहा कि शासन चयनितों द्वारा ही निर्मित होना चाहिए। यह प्रजातंत्र का आधुनिक संसार में पदार्पण था। 4. इन देशों की सरकारें दुर्बल थीं और ताकतवर यूरोपियों का सामना करने में असमर्थ थीं। 5. साम्राज्यवाद के कारण उपनिवेशों का आर्थिक दोहन होने लगा। भारत ब्रिटेन से वस्त्र आयात करने लगा। ब्रिटेन ने अपने फायदे के लिए भारत में अनेक उपनगर बनाए। 6. साम्राज्यवाद का अत्यंत महत्त्वपूर्ण और लम्बा चलने वाला प्रभाव था–उपनिवेशों का आर्थिक दोहन। साम्राज्यवाद ने यूरोपीय देशों के कुटीर उद्योगों को समाप्त कर दिया। 7. एशिया व अफ्रीका को साम्राज्यवादी देशों द्वारा जीता जाने लगा। इन देशों की सरकारें दुर्बल थीं जिसने साम्राज्यवाद के विस्तार को सुगम कर दिया।

(ग) 1. **पुनर्जागरण**–नया ज्ञान अथवा पुरातन यूनानी और रोमन संस्कृति का पुनर्जागरण 2. **पूंजीवाद**–एक अर्थव्यवस्था जिसमें उत्पादन और वितरण के साधन निजी हाथों में होते हैं। 3. **साम्राज्यवाद**–विदेशी भूमि पर और अधिक स्थान प्राप्त करना। 4. **उपनिवेशवाद**–इसमें एक शक्तिशाली देश सीधे ही उससे कम शक्तिशाली देशों का नियंत्रण करता है और फिर उनके संसाधनों का दोहन करके अपनी शक्ति और सम्पत्ति को बढ़ाते हैं। 5. **समाजवाद**–देश की सम्पत्ति पर समाज के प्रत्येक वर्ग का समान अधिकार।

(घ) 1. जार्ज वाशिंगटन 2. दस घंटे 3. उत्पादन में 4. स्पिनिंग जेनी 5. इंग्लैण्ड 6. वास्को डी-गामा 7. में व्यापार

(ङ) 1. (ग) 2. (ग) 3. (ग) 4. (ग) 5. (ख)

2. भारत में ब्रिटिश शक्ति

(क) 1. मराठा सरदार स्वार्थी थे और एक-दूसरे का विश्वास नहीं करते थे। मराठों ने प्रशासन का प्रभावशाली तंत्र विकसित नहीं किया, मराठे लोगों में प्रसिद्ध नहीं थे। मराठों का सैन्य संगठन त्रुटिपूर्ण था। मराठा नेता योग्य राजनीतिज्ञ नहीं थे। 2. मीर जाफर सिराजुद्दोला का सेनापति था। वह स्वयं ही नवाब बनना और एक बैंकर अमीनचंद की मदद से क्लाइव से समझौता करना चाहता था। क्लाइव ने मीर जाफर से वायदा किया कि वह कम्पनी को बड़ी कमीशन और स्वयं को बड़ी सम्पदा देने के बदले में उसे बंगाल का नवाब बना देगा। 3. कम्पनी ने घोषणा कर दी कि मीर कासिम के स्थान पर मीर जाफर बंगाल का नवाब है। अंत में एक और युद्ध, जिसे बक्सर का युद्ध कहते हैं, लड़ा गया। 4. प्लासी के युद्ध ने अंग्रेजों को बंगाल का स्वामी बना दिया और बक्सर के युद्ध ने अंग्रेजों को भारत में एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति बना दिया। प्लासी का युद्ध षड़यंत्र के बल पर जीता गया और बक्सर का युद्ध अंग्रेजों की सैन्य श्रेष्ठता के बल पर जीता गया।

(ख) 1. कम्पनी के अधिकारी भ्रष्ट और लालची थे। अमीन किसानों से मनमाना कर वसूलते थे। अकाल के समय भी कम्पनी कोई मदद नहीं करती थी। 2. सहायक संघ प्रणाली के अन्तर्गत शासक अंग्रेजी सेन्त को अपने राज्य में रखकर उनके निर्वाह का खर्च देता है। 3. प्लासी के युद्ध का भारत के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। इससे ही अंग्रेजों के भारत पर शासन की स्थापना हुई। अंग्रेजों को उस स्थान पर आधार मिला जहाँ से उन्हें सारे भारत को जीतना था। बंगाल में ब्रिटिश शक्ति अब सुदृढ़ता से स्थापित हो गई थी।

(ग) 1. अलीवर्दी खान 2. पांडिचेरी 8. जगत सेठ 4. मुर्शिदाबाद से मुंगेर 5. अवध 6. इंग्लैण्ड 7. पांडिचेरी 8. बासिन

(घ) 1. 1612 में 2. 1664 में 3. 1764 में 4. 1770 में 5. 1798 में 6. 1817 में

(ङ) 1. (क) 2. (ग) 3. (ग)

3. उपनिवेशवाद और जनजातीय समाज

(क) 1. प्रथम विद्रोह कोलों का था जो 1820 में हुआ। मुंडों ने 1830-31 में छोटा नागपुर क्षेत्र में विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह का परिणाम राजस्व का नया नियम था जो बाहरी लोगों को देना पड़ता था और सरकार में न्यायिक व राजस्व नियंत्रण भी आरम्भ हुआ। शीघ्र ही यह विद्रोह बड़े क्षेत्र में फैल गया। 2. संथाल विद्रोह 1855-56 में छोटा नागपुर क्षेत्र में हुआ। यह विद्रोह जमींदारों, महाजनों और अंग्रेज अधिकारियों के दमन के विरुद्ध था। 3. प्रथम जनजातीय विद्रोह खासियों द्वारा देश के उत्तरपूर्वी भाग में हुआ था। खासी एक महत्त्वपूर्ण जनजाती थी जो पूर्व में जेतिया पर्वतों और पश्चिम में गारो पर्वतों पर रहती थी। वे शक्तिशाली थे और अपने प्रदेश से अजनबियों को बाहर करना चाहते थे। 4. बिरसा मुंडा ने एक नया विश्वास जारी किया। उसके विश्वास के कारण उसके असंख्य शिष्य बने। उसमें अलौकिक शक्तियाँ थीं। जनजातीय लोग गैर-जनजातीय लोगों वाले करों को सहन नहीं कर पाए। उन्होंने विद्रोह कर दिया। बिरसा मुंडा ने उन्हें पूरा समर्थन दिया।

(ख) 1. एक अन्य उत्तरपूर्वी जनजाति नागर ने विद्रोह किया और दीमापुर पुलिस के मुखिया को 1844 में मार डाला। इससे अंग्रेजी सेनाएँ विचलित हो गईं। 2. जनजातीय लोग अपनी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति साप्ताहिक बाजारों से और छोटे व्यापारिक कृत्यों से करते थे। वे कई प्रकार के आर्थिक कार्यों में लिप्त रहते थे; जैसे–शिकार, मछली पकड़ना, पशुपालन, मधुमक्खी पालन आदि। 3. खासी एक शक्तिशाली जनजाति थी। खासियों का सरदार तीरत सिंह नोंगख्ला अपने प्रदेश से अजनबियों को बाहर करना चाहता था। उसने असंख्य यूरोपियनों और बंगालियों को मार डाला और अंग्रेज अधिकारियों के मध्य भय उत्पन्न कर दिया जिससे अंग्रेज अधिकारी खासियों के विरूद्ध हो गए। 4. बिरसा मुंडा, मुंडा लोगों का नेता था। उसमें अलौकिक शक्तियाँ थीं। जिसके कारण उसके असंख्य शिष्य बने और जल्दी ही वह ईश्वर के नए अवतार के रूप में प्रकट हुआ।

(ग) 1. आदिवासियों 2. जनजाति 3. बंगाल

(घ) 1. **खासी**–एक महत्त्वपूर्ण जनजाति थी जो पूर्व में तेजिया पर्वतों और पश्चिम में गारो पर्वतों पर रहती थी। **नागर**–एक अन्य जनजाति थी जो उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में रहती थी। 2. कोल जनजाति ने अंग्रेजों का अपने क्षेत्र में फैलाव पसन्द नहीं किया और प्रथम विद्रोह कोलों का था जो 1820 में हुआ। संथाल विद्रोह 1855-56 में छोटा नागपुर क्षेत्र में हुआ। यह विद्रोह जमींदारों, महाजनों और अंग्रेज अधिकारियों के दमन के विरुद्ध था।

(ङ) 1. (क) 2. (ख) 3. (ग) 4. (घ)

4. शिल्पकला और कुटीर उद्योग

(क) 1. ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने भारत का सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना पूरी तरह से तोड़ दिया। 2. अंग्रेज इस तथ्य को जानते थे कि वे भारतीय वस्त्र उद्योग का सामना गुणवत्ता में नहीं कर सकते। 1880 के अंत तक भारतीय वस्त्र उद्योग को नष्ट कर दिया गया और घरेलू बाजार पर अंग्रेजी उत्पादकों का कब्जा हो गया। 3. भारत में सूत, जूट, कोयला, लोहा, गन्ना और सीमेंट के उद्योग इसी

अवधि में विकसित हुए। 4. अंग्रेजों ने विदेशी सामान पर आयात शुल्क में कमी कर दी। देशी सामान मशीनी सामान के साथ बड़ी प्रतिस्पर्धा में आ गया। भारत में अंग्रेजों ने ही बड़े उद्योगों पर अधिकार कर रखा था जिससे प्राप्त आय से वे अपना देश विकसित करने में लगे थे।

(ख) 1. भारत में अंग्रेजों के आने से पूर्व गाँवों में कुटीर उद्योग फल-फूल रहे थे। ग्रामीण शिल्पकार लोगों की माँगों को पूरा करने में समर्थ थे। 2. लोहा और इस्पात उद्योग ने इंजीनियरिंग उत्पादों की वृद्धि में तेजी से मदद की। 3. भारतीय हस्तकला को यांत्रिक रीति से बने सामान की असमान्य प्रतिस्पर्धा से जूझना पड़ा। 4. उन्होंने 'अंग्रेजी शासन और भारत की गरीबी', में लिखा है–भारतीय जनता की आर्थिक स्थिति अत्यंत शोचनीय थी। भारत की प्रति व्यक्ति आय संसार में सबसे कम थी। जमींदार, कारखानों के स्वामी और व्यापारी अत्यंत समृद्ध थे जबकि किसानों, शिल्पकारों ने आधुनिक उद्योगों के आने और कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण अपनी जीविका खो दी थी।

(ग) 1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य

(घ) 1. (घ) 2. (ग) 3. (घ) 4. (घ)

